ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(ACentral University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्तAccredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी
Dr. Prakash Narayan Tripathi
सहायक क्षेत्रीय निदेशक
Assistant Regional Director

दूर शिक्षा निदेशालय
Directorate of Distance Education

फोन नं. / Mob.No. 7278114912

पत्रांक : 023/2025-26/ओ.प्रो.-011/ 7158
दिनांक : 18/12/2024

प्रति,

संचालक/समन्वयक/संयोजक
मान्यता प्राप्त सभी शिक्षार्थी सहायता केंद्र

विषय : एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

हर्ष के साथ आप सभी को सूचित करना है कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करने हेतु मान्यता प्राप्त समस्त शिक्षार्थी सहायता केंद्र के संचालकों/समन्वयकों/प्रतिनिधियों के लिए दिनांक 03 जनवरी, 2025 दिन शुक्रवार पूर्वाह्न 11:00 बजे से एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित है। इस अभिविन्यास कार्यक्रम में दूर शिक्षा के विकास की दिशा सुनिश्चित करने, कार्यक्रमों का नियोजन करने, प्रवेश, परीक्षा, वित्त तथा पाठ्यक्रम सामग्री इत्यादि विषयों पर चर्चा करने के साथ-साथ संचालित समस्त कार्यक्रमों की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला जायेगा। इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी सहायता केंद्र के समन्वयक/प्रतिनिधि के साथ चर्चा/परिचर्चा की जायेगी। शिक्षार्थी सहायता केंद्र के संचालकों, अतिथियों के लिए आवास, भोजन आदि की व्यवस्था दिनांक 02/01/2025 से 03/01/2025 तक के लिए स्वयं के खर्चे पर करनी पड़ेगी। सेवाग्राम तथा वर्धा स्टेशन से ले आने व ले जाने की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी।

उपर्युक्त अभिविन्यास कार्यक्रम में उपस्थिति होने वाले संचालकों/समन्वयकों/ संयोजक/प्रतिनिधियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नं. और ईमेल दिनांक 25/12/2024 तक ईमेल. ddedirectoroffice@hindivishwa.ac.in तथा मोबाईल नं. 7278114912 पर उपलब्ध करायें; ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

धन्यवाद सहित।

18/12/24
(स.क्षे.नि.)

प्रतिलिपि : (ईमेल द्वारा)

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. वित्ताधिकारी
4. आईटी परामर्शदाता (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
5. कार्यालय प्रति